## संपादकीय

# विकास और कॉर्पोरेट

सामाजिक विकास में निजी क्षेत्र की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए शुरू की गई सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी) योजना का मकसद पूरा नहीं हो पा रहा है। भारत दुनिया का अकेला देश है जहां कंपनियों के लिए टैक्स के बाद अर्जित मुनाफे का दो फीसदी सामाजिक विकास पर खर्च करने का कानून बना हुआ है लेकिन इस कानून के बावजूद कई कंपनियां इससे कतराकर निकल जा रही हैं। जिनकी भागीदारी है, उनका रवैया भी सुचिंतित नहीं है जिससे पिछड़े इलाकों में सीएसआर का कोई दखल ही नहीं हो पा रहा है।

पिछले साल 5 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऐस्पिरेशनल डिस्ट्रिक्ट प्रोग्राम (एडीपी) की शुरुआत की थी ताकि पिछड़े रह गए इलाकों का विकास हो सके। इसके कई पैमाने भी तय किए थे- स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, वित्तीय समावेशन और बुनियादी संरचना लेकिन इसके नतीजों की जांच के लिए कॉर्पोरेट मामलों के सचिव इंजेती श्रीनिवास की अध्यक्षता में गठित समिति का निष्कर्ष यह है कि सीएसआर का ज्यादातर फायदा सिर्फ छह विकसित राज्यों को ही मिल रहा है। 2014-15 से 2017-18 के बीच कंपनियों ने अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, गुजरात, तमिलनाडु और दिल्ली में ही सीएसआर फंड के 52,208 करोड़ खर्च कर दिए। बिहार, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में स्थित 55 प्रतिशत ऐस्पिरेशनल जिलों तक इस कोष का केवल 9 फीसदी पहुंचा।

इंजेती श्रीनिवास के अनुसार, ऐसा नीतियों की असंगति के चलते हुआ जो औद्योगिक राज्यों के पक्ष में झुकी हुई है। इसमें एक प्रावधान स्थानीय क्षेत्र को प्राथमिकता देने पर है। कानून कहता है कि कंपनी लोकल एरिया को प्राथमिकता दे यानी पैसा वहां लगाए, जहां वह कार्य करती है। कमिटी की सिफारिश है कि सरकार कंपनियों को लोकल एरिया और राष्ट्रीय प्राथमिकताओं के बीच संतुलन बनाने के लिए कहे। समिति की रिपोर्ट कहती है कि कंपनियों को 2014-15 और 2017-18 में 72,222.67 करोड़ रुपये खर्च करने थे लेकिन उन्होंने इसमें कोताही की जिससे खर्च में 25,014.37 करोड़ रुपयों की कटौती हो गई। नीति आयोग का भी साफ कहना है कि समावेशी विकास के लिए सीएसआर फंड खासतौर पर उन इलाकों में खर्च हो जहां वित्त की कमी है।

बहरहाल, कुछ समय पहले सरकार ने कंपनी संशोधन विधेयक, 2019 पास किया है जिसके तहत सीएसआर मानदंड का उल्लंघन करने वाली कंपनियों पर 50,000 रुपये से लेकर 50 लाख रुपये तक का जुर्माना लग सकता है और संबंधित अधिकारी को तीन साल की कैद भी हो सकती है। समिति की सिफारिश है कि सीएसआर के मामले को सिविल ही रखा जाए, आपराधिक न बनाया जाए। सरकार ने उसकी इस सिफारिश पर गौर करने का आश्वासन दिया है। अब देखना होगा कि कंपनियां अपनी जिम्मेदारी को लेकर कितनी सचेत होती हैं।

# सरकारी बैंकों ने बंद किए 1 साल में 5500 एटीएम और 600 ब्रांच

**मुंबई (आरएनएस)। सरकार बैंक अपने खर्च कम करने के लिए कई प्रयास कर रही हैं. इसके मद्देनज़र पब्लिक सेक्टर बैंक बड़े शहरों में अपनी एटीएम और ब्रांच को बंद कर रही हैं.**




इसकी वजह यह बताई जा रही है कि शहर में रहने वाले लोग इंटरनेट बैंकिंग पर बहुत ज्यादा शिफ्ट हो गए हैं, जिसकी वजह से सरकारी बैंकों का ऐसा मानना है कि ब्रांच और एटीएम जैसे फिजिकल इंफ्रास्ट्रक्चर को कम किया जा सकता है.

पिछले एक साल में देश के 10 सरकारी बैंक (जिनके पास सबसे अधिक ब्रांच भी हैं) ने कुल मिलाकर 5,500 एटीएम और 600 ब्रांच बंद किए हैं.

रिपोर्ट के अनुसार, बैंकों के तिमाही नतीजों का विश्लेषण करके यह जानकारी हासिल की है. सरकारी बैंक बैलेंस शीट में एक्सपेंडिचर को कम करने के लिए एनपीए को कम करने की योजना बना रहे हैं.

देश के सबसे बड़े बैंक एसबीआई ने जून 2018 से 2019 के बीच 420 ब्रांच और 768 एटीएम बंद किए हैं. वहीं विजया और देना बैंक को मिलाने के बाद बैंक ऑफ बड़ौदा ने कुल 40 ब्रांच और 274 एटीएम पर इस बीच शटर गिराया है. इस लिस्ट में पंजाब नैशनल बैंक, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, केनरा बैंक, बैंक ऑफ इंडिया, इंडियन ओवरसीज बैंक, यूनियन बैंक और इलाहाबाद बैंक भी शामिल हैं.

# आरबीआई ने आरटीजीएस का समय बढ़ाया, अब 7 बजे से कर सकते हैं ट्रांजैक्शन



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय रिजर्व बैंक ने आम आदमी के लिए बड़ा ऐलान किया है. आरबीआई ने रियल टाइम ग्रॉस सेलटमेंट (आरटीजीएस) सिस्टम का समय बढ़ा दिया है. अब सुबह 8 बजे की बजाय 7 बजे से आरटीजीएस शुरू होगा. नई सर्विस 26 अगस्त 2019 से शुरू होगी. आपको बता दें कि आरटीजीएस ट्रांजैक्शन (इंटरनेट के जरिए पैसों का लेन-देन) वास्तविक समय में होती है. जब आप ट्रांजेक्शन करते हैं तो दूसरे अकाउंट में तुरंत पैसा ट्रांसफर होता है. दूसरे-चौथे शनिवार को बैंक की छुट्टी के साथ-साथ ये सर्विस बंद रहती है. वहीं, रविवार और बैंक की जब-जब छुट्टी होती है ये सर्विस बंद रहती है.

आरटीजीएस (आरटीजीएस) से मुख्य रूप से 2 लाख रुपये या उससे ज्यादा रकम ट्रांसफर की जाती है. हालांकि इसके लिए खास समय निश्चित है. आरटीजीएस का रखरखाव करने वाले रिजर्व बैंक ने हाल में आरटीजीएस ट्रांसफर की टाइमिंग में डेढ़ घंटे तक का विस्तार भी किया है.

## शुरुआती कारोबार में रुपया 17 पैसे लुढ़का



**मुंबई (आरएनएस)।** घरेलू शेयर बाजारों की सतर्क शुरुआत तथा विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की जारी निकासी के कारण बृहस्पतिवार को शुरुआती कारोबार में रुपया 17 पैसे गिरकर 71.71 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। बुधवार को रुपया 71.55 रुपये प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। कारोबारियों ने कहा कि घरेलू शेयर बाजारों की सतर्क शुरुआत तथा एफपीआई की निकासी का रुपये पर दबाव रहा। हालांकि अन्य प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर की नरमी तथा कच्चा तेल का भाव कम होने से रुपये को समर्थन मिला। कच्च तेल का ब्रेट करूड वायदा 0.17 प्रतिशत गिरकर 60.20 डॉलर प्रति बैरल पर चल रहा था। प्रारंभिक आंकड़ों के अनुसार, एफपीआई ने बुधवार को घरेलू बाजार से 770.81 करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की।

## सेबी ने स्टार्टअप के लिए की नये नियमों की घोषणा



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने बुधवार को स्टार्टअप को लेकर नये नियमों की घोषणा की. स्टार्टअप को शेयर बाजारों के 'इनोवेटर्स ग्रोथ प्लेटफार्म' से मुख्य शेयर बाजार में जाने में मदद के लिये यह कदम उठाया गया है. इसके तहत उन्हें आईजीपी पर आने के एक साल बाद शेयर बाजार के नियमित कारोबार में जाने ओर अपने शेयरधारकों का आधार बढ़ाकर कम-से-कम 200 करने की अनुमति होगी.

कंपनी को तीन साल की लाभदायकता/नेटवर्थ का ट्रैक रिकॉर्ड होना चाहिए या 75 प्रतिशत शेयरधारिता पात्र संस्थागत निवेशकों के साथ होना चाहिए. निदेशक मंडल की बैठक के बाद सेबी ने कहा कि प्रवर्तक का न्यूनतम योगदान 20 प्रतिशत करने की आवश्यकता होगी. इसके लिये तीन साल की 'लॉक इन' अवधि होगी. अगर पहले स्टार्टअप प्लेटफार्म पर सूचीबद्धता के समय छह महीने 'लॉक इन' अवधि का पालन किया गया है तो उसे इसमें से हटा दिया जाएगा. अधिकारियों ने कहा कि नियामक का विचार है कि अगर आईजीपी पर लिस्टेड कंपनियों को बिना कड़े मानदंडों का अनुकरण किये मुख्य शेयर बाजार के नियमित श्रेणी में कारोबार की अनुमति दी जाती है, इससे आईपीओ के जरिये मुख्य शेयर बाजार में आने की कड़ी प्रक्रिया का दुरूपयोग हो सकता है.

## कच्चे तेल में आ रही तेजी की वजह से जल्द महंगा हो सकता है पेट्रोल-डीजल



**नईदिल्ली (आरएनएस)।** पेट्रोल-डीज़ल की कीमतों में पिछले 3 दिन से कोई बदलाव नहीं हुआ है. हालांकि अंतर्राष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल में चार दिनों से तेजी का सिलसिला जारी है और अगर यह तेजी आगे भी जारी रही तो पेट्रोल और डीजल के भाव आने वाले दिनों में बढ़ सकते हैं. इंडियन ऑयल की वेबसाइट के अनुसार गुरूवार को दिल्ली में एक लीटर पेट्रोल की कीमत 71.84 रुपये पर आ गई है. साथ ही, डीजल का दाम 65.11 रुपये प्रति लीटर हो गया है.

इंडियन ऑयल की बेवसाइट के अनुसार कोलकता, मुंबई और चेन्नई में पेट्रोल के दाम गुरुवार को क्रमशः 74.54 रुपये, 77.50 रुपये और 74.62 रुपये प्रति लीटर हैं. डीजल के दाम क्रमशः 67.49 रुपये और 68.26 रुपये और 68.79 रुपये प्रति लीटर हैं. दिल्ली-एनसीआर स्थित नोएडा और गाजियाबाद में भी पेट्रोल और डीजल के भाव में स्थिरता बनी है.

## एंटीगा टेस्ट : वेस्टइंडीज से भिड़ेगा भारत



**एंटीगा।** भारतीय क्रिकेट टीम आईसीसी टेस्ट चैम्पियनशिप के तहत अपने पहले मैच में आज यहां सर विवियन रिचर्डस स्टेडियम में वेस्टइंडीज का सामना करेगी। दोनों टीमों के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज खेली जाएगी।

चेतेश्वर पुजारा और आजिंक्य रहाणे सात महीने बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलेंगे। उन्होंने हाल ही में वेस्टइंडीज-ए के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था।

भारतीय टीम फिलहाल वर्ल्ड रैंकिंग में नंबर-1 टीम है और शीर्ष पायदान पर अपनी स्थिति को और मजबूत करना चाहेगी। वनडे एवं टी-20 सीरीज में करारी हार झेलने के बाद मेजबान टीम का मनोबल कम है।

कप्तान विराट कोहली शानदार फॉर्म में चल रहे हैं और वनडे सीरीज में उन्होंने लगातार दो शतक लगाए। वह टेस्ट मैच में अगर एक और शतक जड़ते हैं तो एक कप्तान के रूप में शतक लगाने के मामले में आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग की बराबरी कर लेंगे।

कोहली ने भारतीय कप्तान के रूप में कुल 18 टेस्ट शतक जड़े हैं, जबकि पोंटिंग के नाम 19 शतक हैं।

मैच से पहले कोहली ने कहा, च्खेल बहुत अधिक प्रतिस्पर्धी होने जा रहा है और यह आपके द्वारा खेले जाने वाले टेस्ट मैचों को महत्वपूर्ण बनाता है। विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप सही समय पर उठाया गया सही कदम है।ज्

गेंदबाजी में जसप्रीत बुमराह की मौजूदगी में भारतीय टीम मजबूत नजर आ रही है। इसके अलावा इशांत शर्मा, उमेश यादव और कुलदीप यादव भी मैच में खेल सकते हैं। इन सभी खिलाड़ियों ने अभ्यास मैच में तीन-तीन विकेट लिए और 11

# बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप : सिंधु, सायना और श्रीकांत अगले दौर में



**बासेल (स्विट्जरलैंड)।** शीर्ष भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों पी.वी. सिंधु , सायना नेहवाल और किदाम्बी श्रीकांत ने बुधवार को अपने-अपने एकल मुकाबले जीतकर यहां जारी बीडब्ल्यूएफ बैडमिंटन विश्व चैम्पियनशिप-2019 के अगले दौर के मुकाबले में जगह बना ली। वर्ष 2017 और 2018 में रजत तथा 2013 व 2014 में कांस्य पदक जीत चुकीं सिंधु को पहले राउंड मे बाई मिली थी। टूर्नामेंट में पाचवीं सीड सिंधु ने दूसरे दौर के मुकाबले में चीनी ताइपे की पाई यू पो को 42 मिनट में 21-14, 21-15 से मात दी।

इस जीत के साथ ही सिंधु ने वर्ल्ड नंबर-45 पो के खिलाफ अपना करियर रिकॉर्ड 3-0 का कर लिया है। तीसरे दौर में सिंधु का सामना नौवीं सीड अमेरिका की बीवन झांग से होगा, जिनके खिलाफ सिंधु का 4-3 का करियर रिकॉर्ड है।

रियो ओलम्पिक की रजत पदक विजेता सिंधु और पो के बीच पहले गेम की शुरुआत में कड़ा मुकाबला देखने को मिला। लेकिन सिंधु ने इसके बाद 11-7 और फिर 14-9 की बढ़त बनाने के साथ 21-14 से पहला गेम जीत लिया।

दूसरे गेम में सिंधु एक समय 7-4 से आगे थीं। पो ने हालांकि गेम को रोमांचक बनाने की कोशिश की, जब उन्होंने स्कोर को 9-10 तक कर दिया। लेकिन ओलम्पिक पदक विजेता सिंधु ने अपने अनुभव का पूरा फायदा उठाते हुए पहले तो 19-14 की बढ़त बनाई और फिर 21-15 से गेम और मैच अपने नाम कर लिया।

वहीं, वर्ल्ड नंबर-8 सायना को भी पहले राउंड में बाई मिली थी। उन्होंने दूसरे दौर में वर्ल्ड नंबर-72 नीदरलैंड्स की सोराया डे विक इजर्बेजन को 33 मिनट में 21-10, 21-11 से मात देकर तीसरे दौर में जगह बना ली। सायना पहली बार सोराया के खिलाफ कोर्ट पर उतरी थी।

## आज का राशिफल

मेषः- मेष राशि वालों के लिए आज दिन अनुकूल रहेगा। स्वास्थ्य अच्छा रहने से आप काम पर पूरा फोकस कर पाएंगे। लंबे समय से रुके काम आज बनने की संभावना है।

वृषभः- आज सेहत नरम रहगी और मन अशांत रहेगा। दूसरों की भलाई करने के चक्क र में आप खुद परेशानी में आ सकते हैं। भावुकता की बजाय व्यवहारिकता से काम लेना होगा।

मिथुनः- सितारे आज अनुकूल चल रहे हैं। व्यापार में लाभ होगा। निवेश करना फायदेमंद होगा। नौकरी में प्रगति होगी और शिक्षा के क्षेत्र में आपका प्रदर्शन बेहतर होगा।

कर्कः- स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। आप आज हर काम सरलता से संपन्न करने में सफल रहेंगे। कार्यक्षेत्र में आपके उच्च पदाधिकारी खुश रहेंगे। कार्य की व्यस्तता रह सकती है।

सिंहः- आज मन में आध्यात्मिक और दर्शनिक भाव बना रह सकता है। धार्मिक कार्यों में संलग्न रह सकते हैं। पूर्वनिर्धारित काम आज पूरे हो सकते हैं, भाग्य का सहयोग मिलेगा।

कन्याः- स्वास्थ्य नरम रहेगा, सेहत का ध्यान रखें। आज आपको जोखिम से बचना होगा। वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। नया काम शुरू करने की सोच रहे हैं तो आज इसे टाल दें।

तुलाः- आज आपका दिन आनंद में व्यतीत होगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। जीवनसाथी की ओर से आपको पूर्ण सहयोग मिलेगा।

वृश्चिकः- घर में सुख-शांति का वातावरण रहेगा। कोई शुभ सूचना मिलने से मन आनंदित होगा। शत्रुओं का प्रभाव कम होगा, आपके प्रभाव में वृद्धि होगी। अधूरे कार्य संपन्न होंगे।

धनुः- आज साहित्य एवं कला में आपकी रुचि बढ़ सकती है। रचनात्मक क्षेत्र से जुड़े लोग अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।

मकरः- किसी कारणवश आज मानसिक रूप से परेशान रह सकते हैं। परिवार में तनाव का वातावरण बना रह सकता है।

कुंभः- किसी पुरानी चिंता के दूर होने से आप राहत महसूस करेंगे। पारिवारिक समस्याओं का भी आज निदान होगा।

मीनः- लंबे समय से कहीं अटका हुआ धन आज प्राप्त होने की संभावना है। धन निवेश के लिए दिन लाभकारी है। अपनी सोच सकारात्मक रखें, काम में सफलता प्राप्त करेंगे।

## ब्रेड रबड़ी बनाने का आसान तरीका



### सामग्री

1 लीटर दूध, 1कप चीनी, 1चम्मच बड़ी सौंफ, आधा चम्मच इलायची पाउडर, 1कप खोया, 5 बादाम बारीक कटा हुआ, 5 पिस्ता बारीक कटा हुआ, 1चम्मच गुलाब का पानी, 1चम्मच केवड़ा पानी, 7 सफेद ब्रेड, 50 ग्राम घी गार्निश के लिए, 4 बादाम, 4 पिस्ता, 4 काजू, आधा कप अनार का दाना, अनार के बदले ब्लैकबेरी भी डाल सकते है।

### विधि


सबसे पहले पतीला ले उसमें दूध 1 लीटर दूध डालकर उबलने के लिए रख दें। फिर उसमें बारीक कटे हुए बादाम, पिसता, इलायची पाउडर, बड़ी सौंफ, केवड़ा वाटर, गुलाब का पानी, खोया और चीनी डालकर अच्छी तरह चलाते हुए उबलने दें। अब एक फ्राई पैन में घी डालकर गर्म करें और ब्रेड को बीच में से क्रॉस काटलें और घी में फ्राई करें और फ्राई पैन में बचा हुआ घी निकालकर सभी फ्राई किया हुआ ब्रेड फ्राई पैन में डालें और फिर दूध हल्का गाढा होने के बाद ब्रेड के ऊपर डालदें व थोड़ी देर पकने के बाद गैस बंद करें।

अब हल्का ठंडा होने के बाद बारीक कटा हुआ बादाम, पिस्ता, काजू और अनार के दाने डालकर गार्निश करें और सर्व करें।

## शब्द सामर्थ्य- 63

**बाएं से दाएं**
1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**
1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 62 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | ■ | ब | नि | या | ■ | दे |
| वा | ■ | ती | त | र | ■ | रा | जी | व |
| ह | मा | म | ■ | स | प | ना | ■ | ता |
| ■ | न | ■ | ■ | ■ | टा | ■ | ■ | ■ |
| दा | व | त | ■ | वि | ना | श | ■ | अ |
| य | ■ | ह | त्या | ■ | ■ | ह | जां | ना |
| रा | ह | त | ■ | न | ज | र | ■ | व |
| ■ | वा | ■ | ■ | ■ | मी | ■ | ना | श्य |
| दु | ला | रा | ■ | जा | न | की | ■ | क |

## सू-दोकू- 63

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | 3 | | 8 | | 1 | | 4 |
| 8 | | | 3 | | 4 | | 7 | |
| | 4 | | | 5 | | 8 | | |
| 3 | | 8 | | | 1 | | 4 | |
| | 1 | | | 4 | | 9 | | 7 |
| | | 4 | | | 2 | | 1 | |
| 1 | | | | 3 | | 4 | | 8 |
| | 8 | | 2 | | 9 | | 3 | |
| | | 9 | | 1 | | 2 | | 5 |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.62 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 7 | 9 | 2 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 |
| 2 | 1 | 8 | 3 | 7 | 6 | 9 | 5 | 4 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 | 3 | 9 |
| 3 | 8 | 1 | 6 | 9 | 7 | 2 | 4 | 5 |
| 9 | 2 | 5 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 |
| 8 | 3 | 7 | 9 | 6 | 4 | 5 | 2 | 1 |
| 5 | 4 | 2 | 8 | 3 | 1 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 9 | 6 | 7 | 5 | 2 | 4 | 8 | 3 |
| 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 6 | 7 | 2 |